54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.8°c अधिकतम 26.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:42, सूर्यास्त - 7:07 | वर्ष : 54/ अंक : 217 | शुक्रवार, 07 अगस्त 2026 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

अमृतवाणी

भीड़ आपको सिर्फ हौसला देती है, लेकिन आपकी असली पहचान छीन लेती है।

खड़गे एक ही मुद्दे पर बार-बार बोलकर समय बर्बाद कर रहे हैं। खेड़ा को अब तक वेलकम स्पीच देने तक का मौका नहीं मिला : किरन रिजिजू

खड़गे सदन में बोलने के विशेषज्ञ हैं... खेड़ा बाहर बोलने के....

यौवन पर रोमांच से भरपूर कांवड़ यात्रा : कहीं दिखे खोपड़ियों से सजे भगवान शिव तो कहीं नरसिंह अवतार ने खड़े कर दिये रोंगटे

▶▶ 18-18 घंटे की ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। जैसे-जैसे कांवड़ अपने यौवन पर आ रही है वैसे-वैसे रोमांचित कर देने वाली कांवड़ भी श्रद्धालुओं को खूब भा रही हैं। भगवान शिव, हनुमान व विष्णु के रौद्र रूप देखकर लोगों के रौंगटे खड़े हो रहे हैं। दिन में जो कांवड़ साधारण सी दिखती हैं, वे अचानक ही हाइड्रोलिक होते ही अपने जीवित रूप में दिखाई देने लगती हैं। कहीं नरसिंह भगवान हिरण्यकश्यप का नाखूनों से वध करते दिखाई देते हैं तो कहीं भगवान शिव का जटाएं स्वयं हिलती दिखाई देती हैं। इसी के साथ-साथ अनोखी, आधुनिक लाइट्स भगवान शिव की आंखों पर अनोखी छटां बिखेरती नजर आती हैं और भगवान शिव की आंखों से आग सी बरसती है। ऐसी-ऐसी कांवड़ों को देखकर छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक रोमांच से भर उठते हैं। युवा टोलियां डीजे पर अपने पैरों को रोक नहीं पाती और एक-एक डीजे के आगे हजारों युवा दौड़ते चले जाते हैं। प्रशासन बेशक कुछ डीजे को अंदर नहीं आने दे रहा, मगर अब रामपुर तिराहे पर ही पूरा धमाल मचाने के लिए युवक पहुंच चुके हैं। न किसी प्रशासन की परवाह न किसी मुकदमे की। चारों ओर बस रोमांच से भरपूर नजारा दिखाई दे रहा है। शिवचौक पर आधा शहर उमड़ता हुआ साफतौर पर दिखाई दे रहा है। दो साल के बच्चे से लेकर अस्सी साल तक के बुजुर्ग अपने आपको इन कांवड़ों को देखने से नहीं रोक पा रहे। रात्रि तीन बजे तक शिवचौक और रामपुर तिराहे का नजारा ऐसा दिख रहा है कि मानों जैसे अभी तो दिन ही निकला हो, रात होनी बाकी हो। कांवड़ यात्रा की यह भव्यता स्वयं लखनऊ से बैठकर स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा देख रहे हैं और किस तरह से श्रद्धालु मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों का तह दिल से शिविर लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत कर रहे हैं, यह अपने आपमें अभिभूत करने वाला दृश्य है जो पूरे एक वर्ष तक याद रहेगा। पुलिस भी पूरी मुश्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करती दिखाई दे रही है। 18-18 घंटे की ड्यूटी लगातार कभी चौराहों पर तो कभी ट्रैफिक का मोर्चा संभालने में यातायात पुलिस लगी है। हर कोई एक ही प्रार्थना कर रहा है कि कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न हो जाए।

पालतू श्वान के साथ चल रहे यह शिवभक्त

मुजफ्फरनगर। कांवड़ियों के बीच अपने पालतू श्वान के साथ एक शिवभक्त श्रद्धा की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। गांव शोभापुर जिला मेरठ के रहने वाले दर्शन सैनी हरिद्वार से गंगाजल लेकर साइकिल पर सवार होकर बम बम भोले के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं खास बात यह है कि उनके साथ एक श्वान जिसका नाम टोबो है। वह भी साइकिल पर पीछे आराम से बैठा हुआ आ रहा है।

दो करोड़ से अधिक कांवड़िए जल लेकर रवाना

हरिद्वार, 6 अगस्त (एजेंसी)। कांवड़ यात्रा केआठवें दिन बारिश के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ है। गुरुवार शाम 6 बजे तक 39 लाख 15 हजार कांवड़िये गंगाजल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो चुके हैं। कांवड़ मेले की शुरूआत से गुरुवार शाम 6 बजे तक कुल 2 करोड़ 19 लाख 70 हजार शिवभक्त गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सफाई और यातायात जैसी व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। पंचक समाप्त होने के बाद आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। अब डाक कांवड़ यात्रियों की आमद तेज होने के साथ ही धर्मनगरी में भागमभाग का दौर शुरू होने जा रहा है। अलग-अलग राज्यों से डाक कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्तों के वाहन हरिद्वार पहुंचने लगे हैं। आने वाले चार दिन पुलिस और प्रशासन के लिए सबसे कठिन परीक्षा वाले होंगे। डाक कांवड़ के वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच यातायात व्यवस्था को सुचारू रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी। अब मंगलवार को पंचक समाप्त होने के बाद से बुधवार, बृहस्पतिवार से डाक कांवड़ का जोर बढ़ गया है। बैरागी कैंप समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में डाक कांवड़ यात्रियों के वाहन दिखाई देने लगे हैं। कई राज्यों से शिवभक्त जत्थों के रूप में हरिद्वार पहुंच रहे हैं और गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं।

इस बार भोलों पर हुई बरसात ने यात्रा को और किया सुखद

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। हरिद्वार से लेकर गाजियाबाद, दिल्ली तक चल रहे शिवभक्तों पर जब वर्षा होती है तो वह नजारा अनोखा ही होता है। मौसम में ठण्डक आते ही दो कदम चलने वाले पैर अपने आप ही दस कदम चलने को तैयार हो जाते हैं। आपको बता दें कि हर बार के मुकाबले इस बार इन्द्रदेव ने अपनी कृपा बरसाते हुए श्रावण शुरू होने से पहले ही बारिश का सिलसिला शुरू कर दिया था, मगर अब तो और अधिक वर्षा होने से कांवड़ियों को बड़ी राहत मिल रही है, नहीं तो धूप में जलते पैर और पसीना-पसीना होता शरीर कांवड़ियों के कदमों को रोक दिया करता था। गुरूवार को हरिद्वार में लगातार छह घंटे तक झमाझम बारिश हुई तो लगभग दो करोड़ कांवड़ियों ने गंगा में खड़े होकर स्नान कर कांवड़ उठाई और तेजी से अपने गंतव्य की ओर बढ़ चले। कांवड़ियों को पूरे रास्ते रिमझिम-रिमझिम बरसात सुबह से रात तक होती दिखी तो बिना रुके कांवड़िया आगे की ओर बढ़ते दिखाई दिये। 6 अगस्त की रात्रि में लगभग तीस लाख से अधिक कांवड़िया मुजफ्फरनगर से होकर गुजरा, जिनमें सभी प्रकार के रंग महिला, पुरुषों और किन्नरों के दिखाई दिये।

बंद कमरे में बैठकर भौंकने वाले मौलाना राशिद रशीदी से अनुरोध कि एक बार मुजफ्फरनगर की सड़क पर आकर कांवड़ियों को कह दे आतंकवादी और नशेड़ी

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। ये सनातन धर्म के लोग ही हैं, जो सहिष्णु बताकर अपने धर्म के किसी भी व्यक्ति और भगवान का अपमान चुपचाप सहन कर बैठ जाते हैं, जबकि कुछ मौलाना तालीम पाकर भी देश में खुद आतंकवाद का जहर घोलने का काम अपने शब्दों से करते देखे जा रहे हैं। ऐसा ही एक मौलाना जो ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन का अध्यक्ष बताया जाता है, उसका बंद कमरे में बैठकर एक बयान सामने आया है, जो कांवड़ियों को नशेड़ी, भंगेड़ी और आतंकवादी तक बता रहा है। ऐसे में मुजफ्फरनगर के हिन्दू संगठन भी चुप नहीं रहे। उन्होंने मौलाना को ललकारते हुए कहा है कि बंद कमरे में बैठकर भौंकने से कुछ नहीं होगा, एक बार यदि दम है तो अपनी कौम के और अपनी इमाम एसोसिएशन के जितने लोग ला सकता हो, वह कांवड़ियों के बीच ले आ, आतंकवादी कहना तो दूर, हम तुझे ऐसा सबक सिखाएंगे कि मुंह में जुबान बाकी ही नहीं रहेगी। हिन्दू संगठनों का कहना है कि घर के कमरे में बैठकर तो कोई भी भौंक लेता है। यदि भोंकना ही है तो कांवड़ियों के बीच आकर भौंके, तेरी जो भी हसरतें होंगी वह पूरी कर दी जाएंगी। हालांकि इस मौलाना साजिद रशिदी पर जल्द ही सरकार मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी कर रही है मगर हैरत की बीत यह है कि सनातनी अपने आपको समाज की निगाह में अच्छा दिखाने के लिए सड़कों पर तो क्या, सोशल मीडिया पर भी ऐसे मौलानाओं का विरोध करने से बचते हैं। सिर्फ हिन्दू संगठन ही अपनी दमदारी दिखाते हुए बिना मुकदमों की परवाह किए ऐसे जाहिल मौलानाओं को सड़कों पर उतरने के लिए ललकारते हैं। हालांकि इस मौलाना की औकात नहीं है कि यह मुजफ्फरनगर आ जाए। ये सभी को पता है कि ये सारी बकवास कमरे में बैठकर ही कर सकता है।

बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने जाहिल मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ दी तहरीर, गिरफ्तारी की मांग

मुजफ्फरनगर। कांवड़ियों को नशेड़ी, भंगेड़ी और आतंकवादी बताने वाले जाहिल मौलाना साजिद रशिदी की गिरफ्तारी अब लगभग तय है। बीजेपी से गाजियाबाद के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के इस अध्यक्ष साजिद रशीदी के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को तहरीर दी है और मौलाना पर एनएसए लगाने की भी मांग की है। विधायक का कहना है कि उनकी तमन्ना तो ये है कि मौलाना की गिरफ्तारी कर उसे फांसी के तख्ते पर पहुंचाया जाए मगर फिलहाल वे सरकार से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग रखते हैं।

हथियारों की तस्करी में विक्की त्यागी के बेटे रक्षित समेत तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई

▶▶ शस्त्र तस्करी में लगा गैंगेस्टर, मुठभेड़ के बाद किया था गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। हथियारों की तस्करी के मामले में चर्चित विक्की त्यागी के पुत्र सहित तीन लोगों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। हथियार तस्करी के मामले में छह लोग नामजद हैं। इनमें तीन आरोपियों का रिमांड सिविल लाइन पुलिस ने मांगा। कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर दिया।

सिविल लाइन पुलिस ने हथियारों की तस्करी के कोतवाली नगर में दर्ज मामले में छह लोगों के खिलाफ गैंगेस्टर की रिपोर्ट विशेष गैंगेस्टर न्यायालय में की थी। इसमें कुख्यात रहे विक्की त्यागी के पुत्र रक्षित उर्फ दक्ष त्यागी के अलावा हर्ष त्यागी, अर्जुन त्यागी, अर्पित पाल, कबीर बालियान और सलीम उर्फ फौजी के नाम शामिल हैं। विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी समेत छह लोगों के खिलाफ थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी व मुठभेड़ में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया था, जिसके सम्बंध में थाना सिविल लाइन पुलिस ने उनका रिमांड कोर्ट से मांगा था। गुरूवार को विक्की त्यागी के बेटे समेत तीन आरोपियों को विशेष गैंगस्टर कोर्ट कासिफ शेख की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने पुलिस का रिमांड स्वीकृत करते हुए तीनों आरोपियों को साठ दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिये हैं। तीनों आरोपी पहले से ही जेल में निरुद्ध हैं। कोतवाली में दर्ज हथियार तस्करी के मामले में मुठभेड़ के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी व उसके साथियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार व कार बरामद हुई थी।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने हर्ष त्यागी, अर्जुन, अर्पित, विक्की त्यागी के बेटे रक्षित, कबीर व समीर के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। गुरूवार को गैंगस्टर एक्ट अधिनियम में पुलिस ने रिमांड के लिए आरोपी हर्ष, विक्की त्यागी के बेटे रक्षित व समीर को गैंगस्टर कोर्ट में रिमांड के लिए पेश किया गया। एडीजीसी दिनेश सिंह पुण्डीर ने बताया कि तीनों आरोपियों का रिमांड न्यायधीश ने स्वीकृत कर लिया है। तीनों आरोपियो को साठ दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया गया है। अन्य तीन आरोपियों के लिए जल्द ही कोर्ट में रिमांड के लिए पुलिस अपना प्रार्थना पत्र दाखिल करेगी।

अतीक अहमद के 21 साल के बेटे की मौत : कार डिवाइडर से टकराई, आखिरी शब्द- मुझे बचा लो

प्रयागराज, 6 अगस्त (एजेंसी)। माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान (21) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह गुरुवार सुबह 5 बजे प्रयागराज से झांसी जेल में बंद बड़े भाई अली से मिलने जा रहा था। क्रेटा कार में अबान के साथ उसके 4 दोस्त थे। झांसी से 70 किमी पहले सुबह 10.30 बजे पूंछ थाना इलाके में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। एअरबैग खुले, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि कार 7 फीट हवा में उछल गई। 40 फीट तक कार के टुकड़े हाईवे पर बिखर गए। कार का बायां हिस्सा चकनाचूर हो गया। अबान समेत सभी 5 लोग अंदर फंस गए। चीख-पुकार मच गई। पुलिस और राहगीरों ने जैसे-तैसे दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। आगे की सीट पर बैठे अबान और उसके पीछे बैठे दोस्त सोनू की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाकी 3 घायल उमर अहमद, मोहम्मद जैद और फारुक अहजम को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, मरने से पहले अबान के आखिरी शब्द थे- मुझे बचा लो...। हादसे की दो वजह सामने आ रही हैं। प्रत्यक्षदर्शी दीपक ने बताया- हाईवे पर एक बछड़ा अचानक आ गया। उसे बचाने के लिए ड्राइवर ने कार को लेफ्ट साइड मोड़ दिया। उसी दौरान बाइक सवार आ गया तो ड्राइवर ने कार दोबारा लेफ्ट की तरफ मोड़ दी। कार डिवाइडर से टकरा गई। वहीं, घायल उमर अहमद ने बताया- हाईवे पर ईंट पड़ी थी। इसके चलते कार बेकाबू हुई। अतीक अहमद के 5 बेटे थे। अबान सबसे छोटा था। एक बेटा असद 2023 में झांसी में ही पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। अब तीन बेटे हैं, इसमें बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल, दूसरा अली झांसी जेल में बंद है। जबकि अबान से बड़ा अहजम अभी ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है। वह झांसी पहुंचा है। लाश देखकर बोला- मिट्?टी में भाइयों को आने दिया जाए। प्रयागराज में फरवरी 2023 को वकील उमेश पाल की हत्या की गई थी। इस मामले में गुजरात जेल में बंद अतीक और बरेली जेल से उसके भाई अशरफ को प्रयागराज पेशी पर लाया गया था।

वहां 15 अप्रैल 2023 को अतीक और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी गई थी। अतीक की पत्नी शाइस्ता अभी फरार है।

छोटे भाई आबान की मौत के बाद सामने आया बड़ा भाई अहजम, मीडिया के सामने छलका दर्द, बोला- मिट्टी में...

झांसी, 6 अगस्त (एजेंसी)। माफिया अतीक अहमद के परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गुरुवार सुबह झांसी-कानपुर हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में अतीक अहमद के छोटे बेटे आबान अहमद और उसके एक साथी की दर्दनाक मौत हो गई। आबान झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई अली अहमद से मिलने जा रहा था। इस दुखद घटना के बाद पहली बार बड़े भाई अहजम अहमद का बयान सामने आया है। अहजम ने अपने छोटे भाई की मौत पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से भावुक अपील की है। अहजम अहमद ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि मेरे भाइयों को मिट्टी (जनाजे/अंतिम संस्कार) में शामिल होने दिया जाए। प्रशासन से मेरी यही अपील है।

कांवड़ और झांकियों ने थामे शहर के कदम

नगर में शिव चौक व दोनों ओर बाईपास उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा अपने चरम पर पहुंच गई है। बुधवार रात हरिद्वार से लौट रही विशाल डीजे कांवड़ों और भव्य धार्मिक झांकियों के कारण मुजफ्फरनगर शहर पूरी तरह शिवमय नजर आया। "बम-बम भोले" और "हर-हर महादेव" के जयघोष के बीच हजारों श्रद्धालु ऐतिहासिक शिव चौक पर उमड़ पड़े। भारी भीड़ के चलते शिव चौक से दोनों ओर बाईपास तक घंटों लंबा जाम लगा रहा। शाम करीब 7 बजे से रात करीब 01 बजे तक कांवड़ियों के जत्थे लगातार शहर से गुजरते रहे। शिव चौक से रामपुर तिराहा-बझेड़ी बाईपास और दूसरी ओर वहलना चौक तक विशाल डीजे कांवड़ों, झांकियों और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। कई जगह आम लोगों को लंबे समय तक जाम का सामना करना पड़ा। भीड़ और यातायात को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस, सिविल पुलिस और अन्य सुरक्षा बल लगातार मोर्चे पर डटे रहे। कई बार भारी भीड़ के कारण पुलिस ने कांवड़ियों के जत्थों को रोक-रोककर आगे बढ़ाया, ताकि यातायात व्यवस्था पूरी तरह न बिगड़े। शिव चौक और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। शिव चौक पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां स्थानीय लोग और श्रद्धालु रंग-बिरंगी रोशनी से सजी विशाल डीजे कांवड़ों, हाइड्रोलिक झांकियों और धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए देर रात तक डटे रहे। अलग-अलग राज्यों से आई आकर्षक कांवड़ों ने लोगों का ध्यान खींचा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन नजारों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए।

09 लाख रूपये की लागत से निर्मित तिरुपति बालाजी मंदिर वाली कांवड़ पहुंची नगर में

– 50 शिवभक्तों ने हाथों से तैयार की भव्य झांकी, शिव चौक पर उमड़ी भीड़

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा अपने चरम पर पहुंच चुकी है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों के साथ अब एक से बढ़कर एक भव्य और आकर्षक कांवड़ मुजफ्फरनगर के ऐतिहासिक शिव चौक से होकर गुजर रही हैं। बुधवार देर रात करीब 12 बजे तिरुपति बालाजी मंदिर के स्वरूप वाली विशाल कांवड़ शिव चौक पहुंची तो श्रद्धालु इसे देखने के लिए रुक गए। कांवड़ पर बनाई गई तिरुपति बालाजी मंदिर की भव्य झांकी, आकर्षक सजावट और बारीक कलाकारी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस अनोखी कांवड़ की तस्वीरें और वीडियो अपने मोबाइल कैमरों में कैद किए। इस कांवड़ की खास बात यह रही कि इसे दिल्ली के शिवभक्तों ने खुद अपने हाथों से तैयार किया है। कांवड़ पर तिरुपति बालाजी मंदिर की आकृति को बेहद सुंदर तरीके से उकेरा गया है। कांवड़ में मंदिर की संरचना, रंग-सज्जा और धार्मिक स्वरूप को इस तरह तैयार किया गया कि देखने वालों को तिरुपति बालाजी मंदिर की झलक दिखाई दी। दिल्ली निवासी शिवभक्त रविंद्र ने बताया कि इस भव्य कांवड़ और इसके साथ चल रहे डीजे सिस्टम को तैयार करने में करीब 8 से 9 लाख रुपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि उनकी टोली में करीब 50 शिवभक्त शामिल हैं, जो हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली पहुंचकर वे भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। रविंद्र ने बताया कि उनकी टोली हर साल कुछ अलग और खास थीम पर कांवड़ तैयार करने का प्रयास करती है। इस बार उन्होंने तिरुपति बालाजी मंदिर का स्वरूप इसलिए चुना, ताकि भगवान विष्णु और भगवान शिव के प्रति श्रद्धा का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरी यात्रा के दौरान शिवभक्त भक्ति और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। रास्ते भर लोग इस भव्य कांवड़ का स्वागत कर रहे हैं। शिव चौक पर पहुंचते ही इस कांवड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुट गए। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के बीच शिवभक्तों का उत्साह बढ़ाया गया। कांवड़ यात्रा में इस बार धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संदेशों पर आधारित कई आकर्षक झांकियां देखने को मिल रही हैं। इसी कड़ी में तिरुपति बालाजी मंदिर वाली यह विशाल कांवड़ श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

चलता-फिरता ग्रीन मिशन

हरियाली का संदेश लेकर निकला शिवभक्त

1100 पौधे लगाने का संकल्प, स्कूटी को बनाया चलता-फिरता ग्रीन मिशन

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। श्रावण मास की पावन कांवड़ यात्रा में इस बार आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रमुखता से दिखाई दे रहा है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे दिल्ली निवासी शिवभक्त सोनू अपनी अनोखी कांवड़ के जरिए लोगों को हरियाली बचाने और पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गुरुवार शाम करीब 5 बजे सोनू शिव चौक पहुंचे, तो हर कोई उन्हें देखता रह गया। सोनू ने अपनी स्कूटी को पूरी तरह हरी घास, पौधों और हरियाली की थीम से सजाया हुआ है। इतना ही नहीं, उन्होंने खुद भी ग्रीन ग्रास जैसी विशेष पोशाक पहन रखी है, जिससे उनकी कांवड़ दूर से ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मुजफ़्फ़रनगर पहुंचने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उनकी इस अनूठी पहल को देखने के लिए रुकते नजर आए। शिवभक्त सोनू ने बताया कि उन्होंने इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान 1100 पौधे लगाने और वितरित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से मुजफ्फरनगर तक वो लगभग 600 पौधे लोगों को भेंट कर चुके हैं। उनकी टीम के दो अन्य सदस्य एक अलग वाहन में पौधे लेकर साथ चल रहे हैं और जिस स्थान से उनकी कांवड़ गुजरती है, वहां लोगों को पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। सोनू का कहना है कि जिस तरह परिवार में शादी होने पर नया कमरा बनाया जाता है, उसी तरह यदि एक पेड़ काटा जाए, तो उसकी भरपाई के लिए कम से कम दस नए पौधे लगाए जाने चाहिए। उनका मानना है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण छोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कांवड़ यात्रा में जहां एक ओर अलग-अलग प्रकार की आकर्षक झांकियां और डीजे कांवड़ देखने को मिल रही हैं, वहीं सोनू की यह हरियाली थीम वाली कांवड़ आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लोगों तक पहुंचा रही है।

बेटा-बेटी को कांवड़ में लेकर निकला पिता

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। सावन मास की कांवड़ यात्रा में शिव चौक पर देर रात करीब 11 बजे एक ऐसी कांवड़ पहुंची, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दिल्ली निवासी सतीश अपने दो छोटे बच्चों को कांवड़ के दोनों पलड़ों में बैठाकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। एक ओर उनकी 5 वर्षीय बेटी, जबकि दूसरी ओर ढाई वर्षीय बेटा बैठा है। पिता पूरे रास्ते दोनों बच्चों को कंधों पर उठाए हुए भगवान शिव के जयकारों के साथ अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। सतीश ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल कांवड़ यात्रा करना नहीं, बल्कि अपने बच्चों को बचपन से ही भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और धार्मिक संस्कारों से जोड़ना है। उनका मानना है कि यदि बच्चों को छोटी उम्र से ही अच्छे संस्कार दिए जाएं, तो वे बड़े होकर समाज और परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को महिलाओं का सम्मान करना और अपनी संस्कृति पर गर्व करना भी परिवार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि उनकी टोली प्रतिदिन लगभग 10 से 15 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रही है। बच्चों के साथ यात्रा करने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की विशेष परेशानी नहीं हुई। उनका कहना है कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से पूरी यात्रा सहज रूप से आगे बढ़ रही है। बच्चों की मां अंजलि ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे की इच्छा पूरी होने पर केदारनाथ धाम जाने की मन्नत मांगी थी। कांवड़ यात्रा पूरी होने के बाद पूरा परिवार बाबा केदार के दर्शन के लिए भी जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भगवान शिव की कृपा से उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। जैसे ही यह अनोखी कांवड़ मुजफ़्फ़रनगर के शिव चौक पहुंची, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रुक गए।

एक कांवड़ ऐसी भी.... दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल खींच रहा बुग्गी कांवड़

– हरिद्वार से बदरपुर तक पैदल यात्रा, रोज 30 किमी चल रहे

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में इस बार जहां हाईटेक डीजे कांवड़, विशाल झांकियां और आधुनिक सजावट वाली कांवड़ें श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, वहीं एक शिवभक्त अपनी सादगी और पारंपरिक अंदाज से लोगों का ध्यान खींच रहा है। दिल्ली पुलिस में तैनात कांस्टेबल आशीष राणा हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर बदरपुर (दिल्ली) तक एक अनोखी बुग्गी कांवड़ के साथ पैदल यात्रा कर रहे हैं। देर रात करीब 11 बजे जब आशीष राणा अपनी बुग्गी कांवड़ के साथ मुजफ़्फ़रनगर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनकी कांवड़ को देखने के लिए रुक गए। आधुनिक कांवड़ों के बीच खेतों में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक बुग्गी को कांवड़ का रूप देना लोगों के लिए आकर्षण का कारण बना रहा। दिल्ली पुलिस कांस्टेबल आशीष राणा ने बताया कि उन्होंने इस बार करीब 60 हजार रुपये की लागत से यह विशेष बुग्गी कांवड़ तैयार कराई है। उनका उद्देश्य दिखावा करना नहीं, बल्कि भारतीय ग्रामीण संस्कृति और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था को दर्शाना है। उन्होंने कहा कि आज कांवड़ यात्रा में बड़े-बड़े डीजे और भव्य सजावट देखने को मिल रही है, लेकिन उनकी सोच हमेशा से शांतिपूर्ण और अनुशासित यात्रा की रही है। इसी वजह से उन्होंने आधुनिकता के बजाय पारंपरिक बुग्गी को अपनी कांवड़ का स्वरूप दिया। आशीष राणा ने बताया कि वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर प्रतिदिन करीब 30 किलोमीटर पैदल यात्रा कर रहे हैं। उनका लक्ष्य बदरपुर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना है। उन्होंने बताया कि रास्ते भर लोग उनकी कांवड़ को देखकर रुक रहे हैं और प्रोत्साहित कर रहे हैं। कई श्रद्धालु बुग्गी कांवड़ के साथ फोटो और वीडियो भी बना रहे हैं। आशीष राणा का कहना है कि कांवड़ यात्रा केवल प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा के लिए सादगी और संयम सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और सादगीभरी कांवड़ ही मेरी पहचान है। भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था में दिखावे से ज्यादा भाव और समर्पण मायने रखता है। हर साल कांवड़ यात्रा में अलग-अलग थीम और आकर्षक झांकियां देखने को मिलती हैं। इस बार दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की यह पारंपरिक बुग्गी कांवड़ लोगों को अपनी संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देती नजर आ रही है। नगर में उनकी कांवड़ देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी और लोगों ने उनकी सादगी भरी यात्रा की जमकर सराहना की।

एक माह में 04 बार धंसी सड़क, नगर पंचायत के विकास कार्यों पर उठे सवाल

बुढ़ाना, 06 अगस्त (बु.)। बुढ़ाना नगर पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल उठ गए हैं। कस्बे में लगभग एक माह पहले बनाई गई एक सड़क बारिश के दौरान धंस गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सड़क बनने के बाद अब तक चार बार क्षतिग्रस्त हो चुकी है। हालिया घटना में, सड़क के किनारे पाइपलाइन लीकेज के कारण एक लोडिंग ट्रैक्टर धंस गया, जिससे सड़क का एक बड़ा हिस्सा टूट गया। स्थानीय निवासियों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार होता, तो इतनी जल्दी सड़क क्षतिग्रस्त नहीं होती। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इसे नगर पंचायत में कथित रूप से हो रहे भ्रष्टाचार का प्रमाण बता रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित दिखते हैं, जबकि धरातल पर गुणवत्ता का अभाव स्पष्ट नजर आता है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िए बुढ़ाना से होकर गुजर रहे हैं। ऐसे में सड़कों और टाइल्स का जगह-जगह टूटा होना दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा रहा है। कुछ स्थानीय लोगों ने समाजवादी पार्टी की नगर पंचायत अध्यक्ष उमा त्यागी पर निर्माण कार्यों की निगरानी न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कार्य पूरा होने के बाद केवल औपचारिक निरीक्षण और फोटो खिंचवाने तक ही जिम्मेदारी सीमित रह जाती है। लोगों ने निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में, अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि लोडिंग ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था, जहां सड़क धंस गई थी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी भेजकर मिट्टी से सड़क को ठीक करवा दिया गया है।

इटावा में 9 ट्यूबवेलों पर चोरी, लाखों रुपये का नुकसान

बुढ़ाना, 06 अगस्त (बु.)। कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव इटावा के जंगल में स्थित आधा दर्जन से भी अधिक ट्यूबवेलों को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया, जिन जिन किसानों की टयूबवेलों पर नुकसान हुआ है, उनमें इंद्रपाल राठी पुत्र हरि सिंह, मुकेश राठी पुत्र ब्रहमा सिंह, जगपाल राठी और ओमपाल पुत्रगण आशाराम, नरेंद्र राठी पुत्र बीरबल, राजीव राठी पुत्र वीरसेन, रविंद्र राठी पुत्र बिजया, राजपाल शर्मा और धर्मेन्द्र राठी पुत्र जसबीर हैं। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मोके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर किसानों को उक्त घटनाओं के खुलासे का आश्वासन दिया। चोर केबिल स्टार्टर व अन्य समान चोरी कर ले गये। किसी ट्यूबवैल का ताला तोड़ा, तो किसी में नकब लगाकर एक ही रात में 9 ट्यूबवेलों पर चोरी की घटना को अज्ञात चोरों के द्वारा अंजाम दिया गया। इन घटनाओं को लेकर अन्य किसानों में भी भय बना हुआ है।

पीड़ित किसान

घोषणा पत्र

मैं, नवीन जैन पुत्र स्व. श्री बीनी चन्द जैन, निवासी 17 ए, नई मण्डी का निवासी हूँ। मैं यह बताना चाहता हूँ, कि मेरी बड़ी पुत्री मोहिका जैन एक बहुत बड़ी बीमारी से पिछले काफी वर्षों से भंयकर रूप से ग्रस्त है। वह पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर स्वयं मेरे, मेरी पत्नी, मेरे परिवारजनों व समाज के अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों व महिलाओं व छोटे-छोटे बच्चों के बारे में काफी निम्न स्तर की, अपनी स्वयं की बनाई हुई व AI जेनरेटिड वीडियो व फोटो डाल रही है, जो बिल्कुल गलत व निराधार हैं। मोहिका जैन इससे पूर्व में भी स्वयं मेरे, मेरी पत्नी, मेरे परिवारजनों व अन्य लोगों पर भी गम्भीर आरोप लगा चुकी है। वह किसी भी माध्यम से, किसी भी प्लेटफार्म पर कोई भी वीडियो डाले, फोटो डाले या कोई बयान दे तो उसे एक साधारण व्यक्ति का बयान ना समझकर एक मानसिक रोग से ग्रस्त महिला का बयान समझा जाए। मैं और मेरा परिवार उसके इस कृत्य के लिए आप सब लोगों से क्षमा प्रार्थी हैं।

नवीन जैन पुत्र स्व. श्री बीनी चन्द जैन
17 ए, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

गंगा प्लाजा में 19वें कांवड़ सेवा शिविर का हुआ शुभारम्भ

बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, उद्योगपति सत्यप्रकाश रेशू व संजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। मेरठ रोड स्थित गंगा प्लाजा में स्व. पंकज गुप्ता एवं स्व. निधिश प्रकाश गर्ग की स्मृति में 19वें कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लोकजन शक्ति के युवा उपाध्यक्ष अमन बंसल एवं प्रमुख हिन्दुवादी नेता सुरेन्द्र मित्तल ने कहा कि पिछले 18 वर्षो से अखिल भारत हिन्दू महासभा एवं अखिल भारत हिन्दू एकता दल संयुक्त रूप से कांवड़ सेवा शिविर लगाते आ रहे हैं। इस वर्ष यह 19वें कांवड़ सेवा शिविर है। शिविर में कांवडियां भाईयों को मुफ्त चिकित्सा के साथ गर्म नाश्ते और भोजन की सुविधा दी जा रही है। समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू ने कहा कि धार्मिक कार्यो में हम सभी की सहभागिता होनी चाहिए। व्यापारी नेता संजय मिश्रा ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा से कांवड़ सेवा शिविरों में अपना सहयोग देता रहा है और वह कभी पीछे नहीं हटा। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने इस अवसर पर कहा कि भगवान भोलेनाथ के पवित्र सावन माह में हम सभी को जल लाने वाले कांवडियां भाईयों की तन-मन-धन से सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर शिविर संयोजक आशीष शर्मा, श्रेष्ठ शर्मा ने भी अपने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने की। शिविर के शुभारम्भ के अवसर पर रचित गोयल, विकास अग्रवाल, विजय अग्रवाल, वीनस वाले, स्मार्ट पार्लर, सतपाल, जितेन्द्र, संजय शर्मा, रजनीश कौशिक, शिवा कौशिक स्पर्श कौशिक, अनिल सैनी चाय वाले, शिवकुमार भगत, वसीम, वरिष्ठ कारीगर सचिन अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे और सेवा कार्यो में योगदान दिया। इस शिविर के शुभारम्भ में भाजपा नेता अचिन्त मित्तल एवं एडवरटाईजर मनोज कुमार का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-885/E-Tender/P.W.D/NPP/2026-27 — दिनांक:-06/08/2026

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्य हेतु दिनांक 27/08/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 06/08/2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 27/08/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 27/08/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।	मुजफ्फरनगर।	मुजफ्फरनगर।

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

उत्तर प्रदेश में सियासी बिसात बिछने लगी

उत्तर प्रदेश में सियासी बिसात बिछने लगी है। भाजपा उप चुनाव की पराजय के मंथन में व्यस्त है। भाजपा के नेता सपा पर सियासी हमले कर रहे हैं। सपा के मुखिया अखिलेश यादव उत्साहित हैं उन्हें लगता है कि उनकी सरकार बनने वाली है। उनके मिजाज से मेल खाने वाले नेता और कांग्रेस उनके साथ है। वो भगवान श्री राम मन्दिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर योगी सरकार पर हमलावर हैं। अखिलेश यादव ब्राह्मण कार्ड को लेकर भी उत्साहित हैं। अभी जनेश्वर मिश्र की जयंती के कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने पीडीए की परिभाषा को बदलते हुए कहा कि पी का मतलब पण्डित है। पहले पी का मतलब पिछड़े से लगाया जाता रहा है। सपा की सैकड़ों रीलें सोशल मीडिया पर चल रही हैं। सपा समर्थक, लाइक शेयर और अच्छे कमेंट कर रहे हैं, सपा विरोधी कटाक्ष कर रहे हैं,उनके कटाक्ष का सार है कि जितनी रील बना लो गिनती तक। यानी सपा का सारा उत्साह गिनती तक है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर मुद्दे भी लगातार बदल रहे हैं। भाजपा और सपा नेताओं के एक-दूसरे पर कटाक्ष भी सुर्खियां बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश की जनता कानून व्यवस्था को हर मुद्दे से ज्यादा अहमियत देती रही है और योगी सरकार में कानून व्यवस्था सुधरी है। इस मुद्दे के सामने विपक्ष का कौन सा मुद्दा टिकता है, या बातचीत का विषय बनता है यह देखने वाली बात होगी। बुद्धिजीवी विश्लेषकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश की जनता कानून व्यवस्था की कीमत पर कुछ नहीं चाहेगी। कानपुर के बिकरू गांव में डीएसपी देवेंद्र मिश्र सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाला दुर्दांत अपराधी विकास दुबे एनकाउंटर में मारा गया था। यूपी एसटीएफ उसे लेकर उज्जैन से कानपुर आ रही थी, इस दौरान गाड़ी पलट गई और विकास दुबे ने भागने की कोशिश की। एनकाउंटर में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए। विकास दुबे का एनकाउंटर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की कानून व्यवस्था के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति करार दिया गया था और इसकी खूब तारीफ हुई थी। विकास दुबे समाजवादी पार्टी से जुड़ा हुआ था। जैसे ही विकास दुबे के एनकाउंटर की खबर फैली अखिलेश यादव ने इस एनकाउंटर पर सवाल उठाने के लिए ट्वीट करने में देरी नहीं की। 10 जुलाई 2020 को अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, 'दरअसल ये कार नहीं पलटी है, राज खुलने से सरकार पलटने से बचाई गई है।' अब जनेश्वर मिश्र की जयंती पर भी उन्हें विकास दुबे याद आ गया, ये अलग बात है कि उन्होंने विकास दुबे का नाम नहीं लिया। अखिलेश यादव ने फिर वही ट्वीट अपने बयान में दोहरा दिया। बिना किसी के नाम का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि याद होगा, जब गाड़ी पलटी थी, वह गाड़ी नहीं पलटी थी, बल्कि सरकार पलटने से बच गई थी। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि समय आने पर जब सैटेलाइट इमेज निकाली जाएगी, तब पता चलेगा कि गाड़ी कैसे पलटाई गई थी। सपा के पी से पण्डित कहने और ब्राह्मण समाज को साधने की कोशिशों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने अखिलेश यादव की राजनीति और समाजवादी पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कई आरोप लगाए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव को अपनी और अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी अब अराजक और गैर-लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है तथा वह अपने वरिष्ठ नेता जनेश्वर मिश्र के सिद्धांतों से पूरी तरह भटक गई है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जनेश्वर मिश्र हमेशा कहते थे कि जब सदन चल रहा हो, तो जनता की आवाज लोकतांत्रिक तरीके से सदन के भीतर उठाई जानी चाहिए, लेकिन आज की समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा केवल व्यक्तिवादी राजनीति कर रही है और अराजकता, गुंडागर्दी तथा प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों को संरक्षण देने का काम कर रही है। भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने अखिलेश यादव के हालिया ब्राह्मण समाज सम्मेलन और उनके पीडीए फार्मूले पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने इस मुद्दे का मजाक बना रखा है। कभी वह कहते हैं कि पी का मतलब पंडित है, कभी पिछड़ा, कभी पासवान और अब पत्ता बता रहे हैं। शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज इतना भोला नहीं है कि बार-बार बदलने वाली राजनीतिक व्याख्याओं को स्वीकार कर ले। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान सबसे अधिक ब्राह्मण समाज का अपमान हुआ। उनके अनुसार उस समय गांव-गांव में ब्राह्मणों की जमीनों पर कब्जे हुए और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। उन्होंने कन्नौज के नीरज मिश्रा हत्याकांड का भी जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में उनकी निर्मम हत्या हुई थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शलभ मणि त्रिपाठी ने दावा किया कि सपा शासनकाल में ब्राह्मण समाज ने सबसे ज्यादा अपमान और उत्पीड़न का सामना किया था। कानपुर में भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पहले यह बताएं कि उनके और मुलायम सिंह यादव की सरकार में ब्राह्मण समाज को कितनी राजनीतिक हिस्सेदारी मिली। लखनऊ में ब्राह्मण सम्मेलन करने और पीडीए की परिभाषा देने से पहले समाजवादी पार्टी को अपने पुराने फैसलों और कार्यशैली का जवाब देना चाहिए। उनका दावा है कि पीडीए केवल चुनावी रणनीति है और इससे किसी वर्ग का भला नहीं होने वाला है। अखिलेश यादव पहले यह बताएं कि उनके परिवार के कितने लोग जनप्रतिनिधि हैं और दूसरे समाजों को कितनी हिस्सेदारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी में परिवारवाद हावी है और ज्यादातर अहम पद परिवार के लोगों तक ही सीमित रहते हैं। ओम प्रकाश राजभर भी अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते ही रहते हैं ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर बड़ा हमला करते हुए उन्हें कव्वाली सीखने की सलाह दी है। राजभर ने कहा कि 2027 के चुनाव के बाद उन्हें यही काम आने वाला है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'गुण्डागर्दी' 'सत्ता' 'तेवर' 'बनावट'

गुण्डागर्दी ही के कारण जो सत्ता से दूर हुए,
उनके तेवर अब भी यारो वैसे ही से लगते हैं।
बातों में है वही बनावट और अकड़ भी ज्यों की त्यों,
उनके तेवर अब भी यारो वैसे ही से लगते हैं।

27 मिमी बारिश से शहर में जल भराव

दिन और रात का तापमान बराबर होने से मौसम में ठंडक, पाराः 26.9/24.8

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। कांवड़ यात्रा के बीच आज झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं बारिश के बाद तमाम स्थानों पर जल भराव और कीचड़ ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। कांवड़ यात्रा मार्ग पर कई जगह पानी भरने से शिवभक्तों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। शहर में भी तमाम स्थानों पर गलियों और सड़कों पर पानी का जमाव देखा गया। इसके अलावा जिले में दूर तक कहीं कम तो कहीं अधिक बारिश ने लोगों को राहत प्रदान की। हाईवे पर कई स्थानों पर पानी भरने से परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में आज अधिकतम तापमान गिरकर 26.9 और न्यूनतम 24.8 डिग्री रहने से गर्मी छू हो गई। बादलों और बारिश के चलते दिन और रात का तापमान लगभग बराबरी पर आ गया। नगर में 27 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर अभी जारी रहेगा। मानसून के सक्रिय होने के साथ बीती रात और आज कभी कम तो कभी तेज बारिश का सिलसिला चला। नगर में आज कुल 27 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बीती देर रात से शहर समेत जिले के तमाम इलाकों में बारिश सिलसिला शुरू हो गया था। इसके चलते कभी धीमी तो कभी तेज बारिश का दौर दोपहर बाद तक जारी रहा। बारिश के चलते अनेक स्थानों पर सड़कों पर जल भराव के साथ गलियों में भी पानी भरा नजर आया। बारिश के लंबे दौर के बीच गरीबों की कच्ची छतों से लेकर अमीरों मकान भी टपकने लगे। कई जगह बारिश के पानी में फंसे वाहन परेशानी पैदा करते दिखे। हालांकि देर रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कई बार तो पंखे ही एसी का काम करते नजर आए। बारिश के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार बारिश के चलते लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मौजूदा बारिश फसलों के लिए लाभदायक साबित हो सकती है। वहीं, शहर के लोगों को भी गर्मी से राहत के बीच सुहाने मौसम का आनंद लेने का मौका मिला है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई है। लगातार बारिश को देखते हुए निचले इलाकों में जलभराव की आशंका भी व्यक्त की गई है। लोगों को जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सक्रिय मानसूनी सिस्टम की वजह से वेस्ट यूपी में अगले दो दिन तक बारिश का दौर जारी रह सकता है। कई जगह अच्छी बारिश होने की संभावना है। अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी।

बारिश फुहारों के बीच जमकर नाचे कांवड़िए

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। सावन की बारिश की फुहारें शिवभक्तों के लिए वरदान बन गई। शिवचौक और कांवड़ मार्ग पर शिवभक्त बारिश में भीगते नाचते गाते नजर आए। इसके चलते बारिश के बीच मुख्य मार्ग पर अद्भुत नजारा था। कई दिनों से उमस भरी गर्मी और कभी तेज धूप कांवड़ियों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही थी। ऐसे में बीती रात से शुरू हुई बारिश ने आज मौसम को ठंडा किया तो बारिश के बीच शिवभक्त बौछारों में भीगते हुए नाचते गाते शिवमूर्ति की परिक्रमा करते नजर आए। कई स्थानों पर मुख्य मार्ग पर भरा पानी जरूर उनके लिए परेशानी का कारण बना। लेकिन बदले मौसम ने उनका उत्साह दो गुना कर दिया। हालांकि चिकित्सकों ने बारिश के बीच कांवड़ियों को सेहत के हिसाब से ऐहतियात बरतने की सलाह दी है।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जलभराव से खुली व्यवस्था की पोल

भोपा, 06 अगस्त (बु.)। प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में मोटे रुपयों का बजट जारी होंने और करोड़ों खर्च के बाद भी जल निकासी का इंतजाम बदहाल अवस्था में है। प्रदेश सरकार और प्रशासन द्वारा शुकतीर्थ के सौंदर्यीकरण तथा विकास के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन आज तक यहाँ जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी है, जिसका खामियाजा हर वर्ष यहां के स्थानीय निवासियों, साधु-संतों को उठाना पड़ता है। तीर्थनगरी की बदहाली का आलम यह है कि बुधवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के चलते प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ के मंदिरों में जलभराव हो गया, जिसने प्रशासनिक दावों और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। भारी बारिश के कारण तीर्थनगरी के मुख्य मार्गों ने तालाब का रूप धारण कर लिया।

जलभराव के कारण हनुमतधाम भी पूरी तरह पानी में डूब गया और मंदिर परिसर और कमरों में पानी भर गया, जिसके कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में बीते बुधवार से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के चलते पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ के मुख्य मार्गो पर भारी जलभराव हो गया, जो धीरे-धीरे मंदिर परिसरों की और बढ़ गया, जिसके चलते प्रसिद्ध हनुमतधाम मंदिर परिसर, मंदिर गर्भगृह और कमरों के अंदर तक कई-कई फीट पानी भर गया। कई फीट पानी भरा होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले को लेकर साधु संतों में भारी रोष का माहौल है। साधु-संतों और स्थानीय निवासियों ने जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

बारिश के चलते तालाब बना दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग

– कई कांवड़ वाहन जलभराव में फंसे – राजमार्ग पर भरे पानी से होकर गुजरेंगे कांवड़िये

मीरापुर, 06 अगस्त (बु.)। मीरापुर में हुई बुधवार की रात्रि से शुरू हुई बारिश के चलते कस्बे में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, राजमार्ग पर कई-कई फीट पानी भरने से राजमार्ग तालाब के रूप में परिवर्तित हो गया। राजमार्ग पर भरे पानी में गिरने से कई लोग चोटिल हो गए तथा कई कांवड़ वाहन समेत कई दुपहिया व चौपहिया वाहन व रोडवेज बस पानी में खराब हो गए। कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन द्वारा किये गए बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हुए। नगर पंचायत व प्रशासन की लापहरवाही के कारण हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले हजारों कांवड़ियों को गंदे पानी से होकर अपना सफर तय करना पड़ेगा।

लोगों में नगर पंचायत बोर्ड के विरुद्ध आक्रोश पनप रहा है। मीरापुर कस्बे के अधिकांश तालाबों पर अवैध अतिक्रमण हो चुका है, जिस कारण कस्बे में गंदे पानी व बरसात के पानी की निकासी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश के चलते सभी गली-मौहल्लों व कस्बे में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर कई-कई फीट पानी भर गया, जिसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सुबह हुई मूसलाधार बारिश के चलते दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बाढ़ जैसे हालात दिखाई दे रहे है। दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर कई फीट पानी भरा हुआ है। गुरुवार को उक्त मार्ग से गुजरने वाले कई दुपहिया वाहन चालक इसमें गिरकर घायल हो गए। इतना ही नही यहाँ भरे पानी में फंसकर कई कांवड़ वाहन व दुपहिया व चौपहिया वाहन खराब हो गए तथा कांवड़ियों को लेकर हरिद्वार जा रही कई रोडवेज बस भी पानी में बंद होकर खराब हो गई, जिन्हें ट्रैक्टरों से खींचकर पानी से बाहर निकाला गया। वाहनों में सवार लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। कई वाहनों में सवार महिलाओं व बच्चों को वाहन खराब होने के चलते गंदे पानी में नीचे उतरकर निकलना पड़ा। कांवड़ यात्रा से पूर्व दर्जनों बार सूचना के बाद भी प्रशासन इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढ पाया। प्रशासन व नगर पंचायत की इस लापरवाही के चलते हजारों कांवड़ियों को गंदे पानी से होकर अपनी यात्रा करनी पड़ सकती है। राजमार्ग पर भरे पानी में गिरकर यदि कोई कांवड़िया चोटिल हो गया, तो बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। जलभराव के चलते स्थानीय नागरिकों में भी दिन प्रतिदिन नगर पंचायत बोर्ड के प्रति आक्रोश पनप रहा है, जो कि किसी भी दिन किसी बड़े आंदोलन को जन्म दे सकता है।

भारी बारिश में भरभराकर गिरा गरीब का आशियाना

– पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

भोपा, 06 अगस्त (बु.)। क्षेत्र में बुधवार शाम से जारी मूसलाधार बारिश अब ग्रामीण इलाकों में आफत बनकर टूटने लगी है। लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के एक गरीब किसान का मकान नींव के नीचे से मिट्टी कटने के कारण भरभराकर ढह गया। गनीमत यह रही कि मकान गिरने से पहले समय रहते परिवार के सभी सदस्य मकान से बाहर निकल आए, जिससे एक बहुत बड़ी जनहानि टल गई, लेकिन आशियाना जमींदोज होने से घर के अंदर रखा सारा सामान, राशन आदि मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव भुआपुर निवासी पीड़ित किसान कल्याण सिंह ने बताया कि उसका घर गांव के खेतों के नजदीक है। भारी बारिश के चलते खेतों में जलभराव हो गया और उसमें से आए पानी के तेज बहाव के कारण उसके मकान की नींव के नीचे की मिट्टी धीरे-धीरे कटने लगी।

देखते ही देखते मकान की दीवारें दरकने लगी, जिसके चलते पूरा परिवार घर से बाहर निकल आया, जिसके बाद अचानक पूरा घर ताश के पत्तों की तरह ढह गया। मकान ढह जाने के बाद पीड़ित किसान का परिवार इस समय भारी संकट में है और कल्याण सिंह की पत्नी गजो देवी, पुत्र राहुल तथा पुत्रियां चांदनी और नीशू खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। आर्थिक रूप से बेबस किसान कल्याण सिंह ने स्थानीय प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

कांवड़ यात्रा में 2064 खोया-पाया शिकायतें दर्ज

– कंट्रोल रूम ने बिछड़े कांवड़ियों को परिजनों से मिलाया

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। जिले में शिव चौक स्थित इंटीग्रेटेड कांवड़ कंट्रोल रूम ने कांवड़ यात्रा 2024 के दौरान बिछड़े कांवड़ियों को उनके परिजनों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यात्रा मार्ग पर अब तक 2064 खोया-पाया संबंधी शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में मुजफ्फरनगर पुलिस और नगरपालिका के संयुक्त प्रयासों से लापता लोगों को उनके परिवारों से सफलतापूर्वक मिलाया गया है। यह पहल कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हुई है। मुजफ्फरनगर नगरपालिका और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह इंटीग्रेटेड कांवड़ कंट्रोल रूम अपनों से बिछड़ने वाले कांवड़ियों की मदद का प्रमुख केंद्र बन गया है। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मी 1500 हाईटेक कैमरों के माध्यम से पूरे कांवड़ मार्ग पर 24 घंटे निगरानी रख रहे हैं। इन कैमरों से प्राप्त लाइव फीड की मदद से लापता व्यक्तियों की तुरंत पहचान कर उन्हें उनके परिवार से जोड़ा जा रहा है। यात्रा के दौरान भीड़-भाड़ वाले मार्गों पर कई कांवड़ यात्री अपने समूह या परिजनों से अलग हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कंट्रोल रूम की टीम तुरंत सक्रिय हो जाती है।

शिकायत दर्ज होने के बाद कैमरा नेटवर्क और गश्ती दलों के समन्वय से व्यक्ति को ढूंढकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि उनके परिवारों को भी राहत मिल रही है। शिव चौक कंट्रोल रूम में आधुनिक तकनीक और समन्वित प्रशासनिक तंत्र की वजह से कांवड़ यात्रा के दौरान होने वाली कठिनाइयों को काफी हद तक कम किया गया है। पुलिस और नगरपालिका के इस संयुक्त प्रयास को कांवड़ियों और स्थानीय लोगों ने सराहा है। अधिकारी लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई पर जोर देते हुए कह रहे हैं कि यात्रा के शेष दिनों में भी यही व्यवस्था जारी रहेगी, ताकि कोई भी कांवड़ यात्री अपनों से बिछड़ा न रह जाए। यह पहल कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जिसमें तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता दोनों का समावेश है। कंट्रोल रूम में उत्तर प्रदेश पुलिस फायर सर्विस के पुलिसकर्मी रजत कुमार बताते हैं कि 24 घंटे कैमरा की निगरानी कावड़ यात्रा को लेकर चल रही है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर है और कंट्रोल रूम में फायर सर्विस मुजफ्फरनगर की ओर से फायर टेंडर व उपकरण मौजूद हैं, जिससे किसी भी अग्नि दुर्घटना को जल्द से जल्द कंट्रोल किया जा सके। कन्ट्रोल रूम में तैनात महिला पुलिसकर्मी दीपांजलि सहित अन्य महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान महिलाओं की शिकायत को सुन कर उनको मदद दे सकें।

शहीद के पिता का इलाज के दौरान निधन, परिवार में छाया मातम

भोपा, 06 अगस्त (बु.)। देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद लोकेश सहरावत के पिता उदयवीर सिंह का बुखार और अन्य शारीरिक अस्वस्थताओं के चलते बीते बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। शहीद के पिता के अचानक निधन की खबर से परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी लोकेश सहरावत बीते लगभग चार वर्ष पूर्व नार्थ सिक्किम में हुए एक सड़क हादसे में शहीद हो गए थे। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहीद लोकेश सहरावत के पिता उदयवीर सिंह को पिछले कुछ दिनों से तेज बुखार था और स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियां भी थीं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए थी, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान बीते बुधवार को उनका दुखद निधन हो गया। उदयवीर सिंह के निधन का समाचार जैसे ही गांव और आसपास के इलाकों में फैला, शहीद के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने शहीद परिवार के निवास पर पहुंचकर उदयवीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को इस दुखद घड़ी में ढांढ़स बंधाया। गुरुवार को शुकतीर्थ स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

न्यामू में दुकान की छत काटकर हजारों की चोरी

चरथावल, 06 अगस्त (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के न्यामू गांव में बुधवार देर रात एक दुकान में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने दुकान की छत काटकर हजारों रुपये की नकदी चुरा ली। घटना का पता गुरुवार सुबह तब चला, जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा। दुकानदार ने देखा कि दुकान की छत कटी हुई थी। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चरथावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और ग्रामीणों में रोष है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

एसडीएम के निर्देश पर 04 घरों का भी हुआ सर्वे

बुढ़ाना, 06 अगस्त (बु.)। ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र में कुल 08 घंटे में 02 कच्चे मकानों के गिरने की घटना को स्थानीय प्रशासन ने गंभीरता से लिया है, जब एसडीएम बुढ़ाना सत्येंद्र कुमार सिंह हुसैनपुर कलां की घटना को लेकर अपने अधीनस्थों से बात कर रहे थे, तो भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार के माध्यम से उनको पता लगा कि बुढ़ाना कस्बे के डीएवी इंटर कालेज के पीछे स्थित बस्ती सफीपुर पट्टी के मौहल्ला रहमतनगर में एक कच्चा मकान गिरने के कगार पर है, तो उन्होंने तुरंत लेखपाल रविंद्र सिंह को मौके पर भेजा। लेखपाल ने जांच में पाया कि जो मकान गिरने के कगार पर हैं, वह रिहाना अब्बासी पत्नि महताब का है। इसके अलावा इसी मकान के पास वसीला पत्नी मरहूम गुलफाम अंसारी, विधवा शरीफन पत्नी रियासत अंसारी और इरफान का मकान भी कच्चा है, जो कभी भी गिर सकता है। लेखपाल ने चारों के मकान की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर सभी के आधार कार्ड के नंबर लिए और उनकी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्दी ही मुआवजा दिलवाने की बात कही। रिहाना पत्नी महताब ने बताया कि उसके 05 बच्चे हैं। वे रात को डर की वजह से ढंग से सो नहीं पा रहे। पूरे मकान में बारिश का पानी भरा हुआ है। दूसरी ओर भाकियू नेता इसरार भी इस दौरान मौजूद रहे और उन्होंने पीड़ित परिवार को प्रशासन से मुआवजा दिलवाए जाने का आश्वासन दिया।

भारी बारिश से कच्चे मकान की छत गिरी, बाल-बाल बचा परिवार

भोपा, 06 अगस्त (बु.)। ककरौली क्षेत्र में बुधवार शाम से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने एक गरीब का कच्चा आशियाना तहस-नहस कर दिया, वही उसमें रह रहा परिवार बाल-बाल बचा। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार की मदद की गुहार लगाई है। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी आमिर अली का कच्चा मकान मूसलाधार बारिश के चलते भरभराकर गिर गया।

बारिश के चलते मकान की कच्ची दीवार ढ़ह गई, जिसके चलते मकान की कच्ची छत भी गिर गई। मकान गिर जाने से परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। गनीमत यह रही कि हादसे से पहले परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। मजदूर आमिर अली ने बताया कि हादसे में घर का सारा सामान, राशन और अन्य जरूरी चीजें मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गईं।

आर्थिक रूप से बेबस आमिर अली ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

कांवड़ियों की सेवा में आगे आई नगरपालिका, मीनाक्षी स्वरूप ने शुरू किया सेवा शिविर

– रात्रि विश्राम, भोजन, चिकित्सा, स्नान और पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध, शिवरात्रि तक लगातार चलेगा सेवा शिविर

मुजफ्फरनगर, 06 अगस्त (बुस.)। सावन मास की कांवड़ यात्रा में लाखों शिवभक्तों की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद ने सेवा का एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के 22 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर पहले से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के बाद अब मेरठ रोड स्थित गन्ना शोध संस्थान के समीप विशेष कांवड़ सेवा शिविर की शुरूआत की गई है, जहां कांवड़ियों को निःशुल्क भोजन, चिकित्सा, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सावन मास की कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगरपालिका परिषद ने मेरठ रोड पर अपना विशेष कांवड़ सेवा शिविर प्रारंभ कर दिया है। नगरपालिका परिषद् और जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. के संयुक्त आयोजन में लगाए गए इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ से पहुंचे मनोज गुप्ता और शैली गुप्ता ने भगवान शिव के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के लगभग 22 किलोमीटर लंबे शहरी कांवड़ मार्ग पर पहले से ही सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। अब इस सेवा शिविर के माध्यम से कांवड़ियों को एक ही स्थान पर रात्रि विश्राम, चाय-नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, स्नान की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गई हैं। शिविर में नगरपालिका परिषद की सहयोगी संस्था जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक जीवन कुमार उपाध्याय ने मुख्य अतिथियों, पालिका के सभासदों, अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शिविर में सेवा कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा तथा यह सेवा शिविर महाशिवरात्रि तक निरंतर संचालित रहेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल आस्था का नहीं, बल्कि सेवा का भी पर्व है। शिवभक्तों की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगरपालिका परिषद पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कांवड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रही है, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी भावना के साथ यह शिविर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने यहां पर नगरपालिका की ओर से एक मोबाइल एम्बुलेंस का भी शुभारंभ किया, जो नगरीय क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर भ्रमणशील रहकर शिव भक्तों को उपचार सुविधा प्रदान करने का काम करेगी। इसमें चिकित्सक और विशेषज्ञ स्टाफ की दवाईयों के साथ उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। शिविर के शुभारंभ के दौरान मुख्य रूप से सभासद कुसुम लता पाल, ममता बालियान, मनी पटपटिया, भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रजत धीमान, देवेश कौशिक, योगेश मित्तल, अमित पटपटिया, शोभित गुप्ता, नीतेश चौधरी, राहुल पंवार, ललित कुमार, सुन्दर सिंह, नीरज बिरला, विपिन जैन, नीरज कर्नल, नवनीत गुप्ता के अलावा ईओ पवन कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अन्नू चौधरी, एई जलकल अनुज कुमार, एई निर्माण नैपाल सिंह, जेई जलकल धर्मवीर सिंह, जितेन्द्र सैनी, जेई निर्माण राजीव सोनकर, सीएसएफआई योगेश कुमार, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, लिपिक रूचि शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगरपालिका परिषद की इस पहल की श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे कांवड़ यात्रा के दौरान राहत और सेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव पर यूपी सरकार से मांगा जवाब: कहा- 6 माह में चुनाव कराना ही चाहिए

प्रयागराज, 6 अगस्त (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पंचायत चुनाव में देरी के मामले में राज्य सरकार के दायित्व पर टिप्पणी की है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अधिसूचना जारी होने की तिथि से 6 महीने के अंदर पंचायत चुनाव संपन्न कराना सरकार की वैधानिक बाध्यता है। सरकारी अधिवक्ता के अनुसार, यह अवधि नवंबर 2026 में पूरी हो जाएगी। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ एसके शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने जानना चाहा कि क्या चुनाव समय पर न होने के पीछे वास्तव में ऐसी परिस्थितियां थीं जो सरकार के नियंत्रण से बाहर थीं, या फिर सरकार अपने संवैधानिक और वैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रही। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कुछ ई-अभिलेख प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन अभिलेखों का अगली सुनवाई पर परीक्षण किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को निर्धारित की गई है।

जाली करेंसी का लेन-देन करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के तीन तस्कर दबोचे

गिरफ्तार तस्करों के पास से 1,00,000 की जाली करेंसी व एक कार बरामद

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। जाली करेंसी का लेनदेन करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए बुढ़ाना पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 1,00,000 की जाली करेंसी व एक कार बरामद की है। आरोपी बैंगलौर से कोरियर के द्वारा नकली नोट मंगाते थे। पकड़े गए आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है। पुलिस गिरोह में शामिल फरार साथियों की तलाश में जुटी है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि 3 संदिग्ध कारों में जाली करेंसी लेकर खतौली की ओर से आ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर बसी रोड से कार सवार सालिम व माजिद निवासीगण गांव कैली, थाना दौराला, जनपद मेरठ व जिशान निवासी गांव जौला, थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 500-500 रुपए के 200 नकली नोट बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल भी बरामद हुए हैं। आरोपी पिछले काफी समय से क्षेत्र व आसपास के जनपदों में नकदी नोटों का धंधा कर रहे थे। आरोपी अपने साथियों से नकली नोट मंगाकर क्षेत्र में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपए की धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह अपने साथी साहिल व शाहनवाज से 40 हजार रुपये में एक लाख नकली रुपये मंगाते हैं, जिन्हें वह बाजार में चलाते हैं। यह गैंग रुपयों में अपना मुनाफा कमाकर मुसर्रफ निवासी खतौली जो मेरठ जनपद के सकौती में बेकरी चलाता है, उसे दे देते हैं। फरार आरोपी साहिल व शाहनवाज अपने बैंगलौर के रहने वाले माइकल फर्नाडीज से 30 हजार रुपये में नकली 1,00,000 रुपये मंगाते हैं। साहिल व शहनवाज बंगलौर से कोरियर के द्वारा नकली नोट मंगाते हैं, जिन्हें फर्जी नाम पता देकर रिसीव करते हैं और उसका कोड नम्बर शाहनवाज व साहिल हमें दे देते हैं। जिसे दिखाकर हम लोग कोरियर कम्पनी से नकली नोटों का कोरियर प्राप्त करते हैं। साहिल व शाहनवाज गिरफ्तार आरोपियों को क्यूआर कोड भेजते हैं, जिस पर हम लोग इन नकली नोटों की कीमत 1 लाख रुपयों के 30 हजार रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से बंगलौर वाले व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर देते हैं तथा 10 हजार रुपये नकद साहिल व शाहनवाज को देते हैं।

पाकिस्तानी नागरिक से की हुई थी मुलाकात

मुजफ्फरनगर। पुलिस की जांच में सामने आया था गिरफ्तार आरोपी सालिम जनसेवा केन्द्र चलाता है। वह जनसेवा केन्द्र की आड़ में नकली नोटों के अवैध करोबार से जुड़ा हुआ था। वहीं गिरफ्तार आरोपी माजिद वर्ष 2022 में दुबई गया था, वहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी नागरिक से हुई थी। इस मामले में खुफिया विभाग उससे पूछताछ करने में जुटी हुई है। आरोपियों से बरामद तीन मोबाइल की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों के मोबाइल का सीडीआर निकलवाया गया है।

शिवचौक पर युवकों से मारपीट कर हुड़दंग करने के दो कांवड़ियों की जमानत खारिज

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। 10 जुलाई की रात्रि शिवचौक पर डीजे बजाने को लेकर पुलिस ने कांवड़ियों के एक जत्थे को रोक लिया था। आरोप था कि विरोध कर उन्होंने हंगामा कर पुलिसकर्मियों से अभद्रता की थी। वहीं कुछ युवकों से मारपीट की गयी थी, जिसमें वरुण शर्मा की हाथ की हड्डी टूट गयी थी। मामले में वरुण शर्मा की ओर से मोहित चौधरी, निवासी गाजियाबाद व बिजेन्द्र निवासी झज्जर हरियाणा व अज्ञात के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। दोनों आरोपियों की ओर से अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश-प्रथम गरिमा सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी अरुण कुमार शर्मा ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया है।

कांवड़ियों का वेश धारण कर श्रद्धालुओं के मोबाइल और नकदी चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। खालापार पुलिस ने कांवड़ियों का वेश धारण कर श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के 8 मोबाइल, एक बैग, आधार कार्ड, पैनकार्ड, नकदी व केबिल का तार बरामद किया है। गिरफ्तार चोरों का चालान कर दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि बुधवार को कांवड़िए नरेन्द्र उर्फ छोटू निवासी जटपुरा, थाना-पिलखुवा, जनपद हापुड़ ने खालापार थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह हरिद्वार से गंगाजल लाते समय मीनाक्षी चौक पर जूस की दुकान पर बैग रखकर जूस पीने लगा तो अज्ञात चोरों ने उसका बैग चोरी कर लिया। बैग में उसका व उसके दोस्तों के मोबाइल व 2 हजार रुपये की नकदी थी। खालापार थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने मात्र 8 घंटे के भीतर शातिर चोर बिलाल, निवासी फात्मा, मस्जिद वाली गली, मौहल्ला-किदवईनगर, थाना खालापार व असगर निवासी मोरसदर थाना कोतवाली जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से 8 मोबाइल, 700 रुपए व अन्य सामान बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने मोहल्ला किदवईनगर में घर के बाहर खड़े वाहन में प्रयोग होने वाले जैक व केबिल का तार चोरी किया था। आरोपियों से चोरी का केबिल भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कांवड़ियों का वेश धारण कर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।

किसान की हत्या में 4 आरोपी दोषी करार

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। शामली के कांधला क्षेत्र के गांव भभीसा में 12 साल पूर्व किसान की हत्या के प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर 3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। हत्या में नामजद कुख्यात विपुल उर्फ खूनी को बागपत में कुछ दिन पूर्व एसटीएफ मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। मामले में एक आरोपी की पत्रावली वर्ष-2024 में अलग कर दी गयी थी। एडीजीसी कुलदीप कुमार ने बताया कि कांधला थाना-क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी अशोक कुमार 14 जुलाई 2014 को वह अपने घर पर बैठकर अखबार पढ़ रहा था, तभी सुबह लगभग साढ़े 10 बजे कार में सवार होकर सात लोग हाथों में राइफल, बंदूक व तमंचे लेकर उसके मकान में घुस आए। हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे उसके हाथ में गोली लगी। शोर-शराबे की आवाज सुनकर उसका छोटा भाई पवन कुमार मौके पर आया तो उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसकी पत्नी नीलम, भाभी सोहनवीरी ने कमरे में घुसकर अपनी जान बचाई। इस मुकदमे में रामवीर निवासी पीरखेड़ा, थाना झिंझाना शामली, राजीव उफ छोर्टू , अमित निवासी रामनगर, बड़ौत, बागपत, राहुल उर्फ बोसी, कुख्यात बदमाश विपुल खूनी निवासी गांव भभीसा तथा हरेन्द्र गांव कन्जर खेड़ी, बाबरी को नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद कई बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया था। गुरुवार को न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने रामवीर, राजीव उर्फ छोटू, राहुल उर्फ बोसी, हरेंद्र को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। वहीं एक आरोपी अमित की पत्रावली को एक मार्च 2024 को पत्रावली अलग कर दिया गया था। इस आरोपी को आर्म्स एक्ट में दोषी ठहराया गया है। सजा के प्रश्न पर कोर्ट में 13 अगस्त को सुनवाई होगी। एडीजीसी कुलदीप कुमार ने बताया कि 14 जुलाई 2014 को किसान अशोक कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि उसके छोटे भाई पवन कुमार के बेटे आशू का झूठा नाम कुख्यात बदमाश विपुल खूनी की मां ने लिखवा दिया था। इसको लेकर आशू ने अपना विरोध जताया था। इस बात से कुख्यात बदमाश विपुल खूनी व उसका परिवार रंजिश रखता था। इसी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया था।

हाइवे से गुजरती मनमोहक कांवड़ का नजारा

पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर कितने रुपये हुए खर्च? संसद में सरकार ने दिया जवाब

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)। राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर हुए खर्च का ब्योरा संसद को दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर 74.58 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ है। वहीं, वर्ष

2021 से अब तक उनकी विदेश यात्राओं पर कुल खर्च 550 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने गुरुवार को राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि वर्ष 2026 में जिन यात्राओं का खर्च उपलब्ध है, उनमें सबसे ज्यादा खर्च हुई है प्रधानमंत्री की पांच देशों की यात्रा के दौरान नौवें दौरे पर सबसे अधिक 17.46 करोड़ रुपये खर्च हुए। जून में फ्रांस यात्रा का व्यय अभी संकलित किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वर्ष 2026 के कुछ अन्य खर्च अभी अस्थायी (प्रोविजनल) हैं और बिलों के निपटारे के बाद इन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

राजपाल यादव के शाहजहांपुर वाले घर पर कुर्की का नोटिस

शाहजहांपुर, 6 अगस्त (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शाहजहांपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने उनके पैतृक घर पर 16.61 करोड़ रुपए के बकाया लोन

34 दिन में लोन नहीं चुकाया तो नीलामी, मां-पत्नी के नाम 16 करोड़ लोन लिया था

को लेकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। बैंक ने चेतावनी दी है कि 34 दिन के भीतर लोन नहीं चुकाया गया तो संपत्ति नीलाम कर दी जाएगी। नीलामी की तारीख 9 सितंबर तय की गई है। हालांकि, कुछ देर बाद परिवार ने नोटिस हटा दिया। राजपाल यादव ने सेंट्रल बैंक की मुंबई ब्रांच से पत्नी राधा यादव और मां गोदावरी के नाम पर 16.61 करोड़ रुपए का लोन लिया था। इसी बीच, 27 दिन पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में उन्हें तीन महीने की जेल की सजा सुनाई थी। फिलहाल वह जेल से बाहर हैं।

बारिश का कहर : हबीबपुर में कच्चे मकान की छत गिरी, एक वर्ष की सानवी की मौत, माँ समेत तीन लोग घायल

बुढ़ाना, 06 अगस्त (बु.)। बुढ़ाना तहसील के गांव हबीबपुर में गुरुवार को लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। इस हादसे में एक वर्षीय बच्ची शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां और दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना गांव निवासी विकास पाल पुत्र सुरेंद्र के मकान में हुई। छत गिरने के समय परिवार के सदस्य मकान के अंदर मौजूद थे और चार लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में शिवानी की मां संगीता पत्नी विकास पाल, बेटी निक्कू और बेटा लविश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही फुगाना थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी (सीओ) पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। तीनों घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम बुढ़ाना सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख के बेटे विनोद मलिक ने पीड़ित परिवार को रूपये 21000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चे और जर्जर मकानों के गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रशासन ने लोगों से ऐसे मकानों में रहने से बचने और मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

बारिश में कच्ची छत भरभराकर गिरी, तीन मासूम समेत पांच लोग घायल

बुढ़ाना, 06 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कला में लगातार हो रही बारिश के बीच गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। बारिश के कारण एक मकान की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे मलबे में दबकर तीन मासूम बच्चों समेत परिवार के पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को मलबे से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, यह मकान बबलू पुत्र मीरा का है। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। अचानक कच्ची छत गिरने से बबलू की पत्नी सायरा तथा उनके बच्चे अहरान और हमजा सहित परिवार के अन्य सदस्य मलबे में दब गए। सभी घायलों को गंभीर हालत में बाहर निकालकर उपचार के लिए बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनपुर कलां चौकी प्रभारी सूर्या प्रताप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। इसके बाद बुढ़ाना एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मकान चारों ओर से पक्का बना हुआ था, लेकिन उसकी छत कच्ची थी। लगातार बारिश के चलते छत कमजोर होकर गिर गई, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है तथा प्रशासन द्वारा मामले की जांच के साथ हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

संजय अरोरा भाई क्या कह रहे हो, कि योगी सरकार में ही समाजवादी सरकार की आ रही है याद, कहीं अपने मुकदमा लिखवाने का मन तो नहीं ?

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। हिन्दू संगठन के पदाधिकारी संजय अरोरा यूं तो लगातार कभी रुड़की रोड स्थित मजार का मुद्दा उठाते रहते हैं तो कभी रेलवे स्टेशन के सामने कोर्ट के आदेश के बाद भी मस्जिद न ढहने का मुद्दा उठाते हैं। पता उन्हें भी है कि ऐसे सुस्त शासन में कुछ होने वाला नहीं है। फिर भी वह अपनी सक्रियता दिखाने से पीछे नहीं हटते। योगी सरकार का डर भी उन्हें शायद नहीं सता रहा, क्योंकि योगी सरकार में सच बोलने पर तुरन्त मुकदमें हो जाते हैं, वह यह बात भूल गए हैं। उन्होंने अब अपने सोशल मडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से योगी सरकार में समाजवादी शासन की याद की बात लिखित रूप से कही है। उनक कहना है कि जैसी कृपा मुजफ्फरनगर का प्रशासन चहल्लुम पर दिखा रहा है और कांवड़ सेवा

शिविरों पर सख्ती करता चला जा रहा है, इसी से साफ प्रतीत हो रहा है कि शासन बेशक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हो, मगर बरताव समाजवादी पार्टी वाला ही है। उनका कहना है कि कांवड़ यात्रा को रोककर चहल्लुम को निकलवाना यदि योगी सरकार में भी इतना ही जरूरी है तो फिर इस शासन और उस शासन में फर्क ही क्या रह गया है। संजय अरोरा का यह भी कहना है कि कांवड़ियों के कांधों पर 51 से 251 लीटर तक जल लटका रहता है, ऐसे में चहल्लुम की वजह से क्यों कांवड़ियों को रोका गया। हिन्दूवादी नेता संजय अरोरा को फिर याद दिला दें कि ऐसा न हो कि उनके ऊपर भी हाथोंहाथ सच बोलने पर मुकदमा दर्ज न कर दिया जाये, क्योंकि यहां सच बोलने वालों पर ही मुकदमा हुआ करता है।

लोन न चुकाने पर मोबाइल-लैपटॉप लॉक नहीं कर सकेंगे बैंक

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)। पर्सनल, कार या होम लोन न चुकाने वाले ग्राहकों के मोबाइल और लैपटॉप बैंक बंद या डिसेबल नहीं कर सकते। रिजर्व बैंक यानी फ्रकने 6 अगस्त को यह साफ कर दिया है। बैंक सिर्फ उन्हीं मामलों में ऐसा कर सकते हैं, जहां वो डिवाइस खुद बैंक के लोन पर खरीदा गया हो। केंद्रीय बैंक का यह कदम ग्राहकों को मिलने वाली धमकियों, प्राइवेसी के उल्लंघन और रिकवरी के नाम पर होने वाली प्रताड़ना को रोकने के लिए उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने साफ किया है कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान पर्सनल लोन, होम लोन या कार लोन की वसूली के लिए कर्जदार के मोबाइल फोन, लैपटॉप या टैबलेट को सॉफ्टवेयर की मदद से लॉक या डिसेबल नहीं कर सकता। बैंक केवल एक ही शर्त पर डिवाइस को डिसेबल कर सकते हैं, अगर वह मोबाइल या लैपटॉप खुद उसी बैंक या कंपनी के लोन पर खरीदा गया हो। अगर लोन या फाइनेंस किसी अन्य चीज के लिए लिया गया है, तो डिवाइस लॉक करने पर पूरी तरह रोक रहेगी। आरबीआई ने कहा है कि अगर डिवाइस लोन पर खरीदा भी गया है, तो बैंक सीधे या शुरूआत से ही फोन लॉक नहीं कर सकते। बैंकों को चरणबद्ध तरीका अपनाना होगा। फोन की जरूरी सेवाएं बंद नहीं की जा सकतीं। इसमें इनकमिंग कॉल्स, रटर और इमरजेंसी रडर फीचर्स शामिल हैं।

छपार के पास हादसे में कांवड़िए की मौत

मुजफ्फरनगर, 6 अगस्त (बु.)। छपार में टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई। आज शाम हुए

सड़क हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई। बताया गया है कि कोई अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार कर चला गया। कुछ कांवड़ियों ने उसे देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

रोजगार के लिए मुंबई गए युवक की दुर्घटना में मौत

भोपा, 06 अगस्त (बु.)। रोजगार के लिए मुंबई गए भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी युवक की दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही मामले की सूचना परिजनों तक पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक परिजन युवक के शव को मुंबई से लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी सादिक 19 वर्ष रोजगार करने के लिए मुंबई गया था। मुंबई में वह नौपाड़ा क्षेत्र में मकानों की खिड़कियों पर जाली आदि लगाने का काम करता था। गुरुवार की सुबह वह अपने किसी साथी की बाइक लेकर किसी काम से जा रहा था, तभी किसी वाहन ने उसकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

सावन में आस्था से खिलवाड़ : नाले के पानी में केले धोने का वीडियो वायरल

लोनी, 6 अगस्त (एजेंसी)। गाजियाबाद स्थित लोनी इलाके से एक और हैरान और परेशान कर देने वाला मामला सामने आया है। इस घटना ने सावन के पवित्र माह में लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है, जिसके बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक युवक केले के गुच्छों को नाले के काले और दूषित पानी में बार-बार डुबो रहा है और बाहर निकाल रहा है। उसके पास खड़े दो अन्य युवक उन गंदे पानी से निकाले गए केलों को क्रेट (प्लास्टिक की टोकरियों) में भरते हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये कर्मचारी इन दूषित केलों को आवासीय क्षेत्र में बने अपने कोल्ड स्टोरेज (गोदाम) में ले जाकर स्टोर करते हैं और फिर बेखौफ होकर इन्हें बाजार में ग्राहकों को बेचते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही लोनी इलाके में जूस में मानव मूत्र (पेशाब) मिलाकर बेचने का घिनौना मामला सामने आया था। अब इस नई घटना ने लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सावन के इस पवित्र महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और फलाहार के रूप में केले का सेवन करते हैं।

रोडवेज बस पलटी, 7 यात्री घायल

मीरापुर, 6 अगस्त (बु.)। हरिद्वार से मेरठ जा रही एक रोडवेज बस गुरुवार रात करीब 9 बजे मीरापुर के बिजनौर बाईपास स्थित लकी होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। हादसे में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित कुल सात यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही मीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार हरिद्वार से बिजनौर होते हुए मेरठ जा रही रोडवेज बस जैसे ही मीरापुर बाईपास स्थित लकी होटल के पास पहुंची, चालक का संतुलन बिगड़ने से बस डिवाइडर पर चढ़ गई। डिवाइडर से टकराने के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के समय बस को चालक विनोद चला रहा था। दुर्घटना में जिया (6 वर्ष), भाग्यश्री (3 वर्ष), शिवांग (2 वर्ष), चंद्रावती (70 वर्ष), शोभा (50 वर्ष) और सुमित (25 वर्ष) सहित कुल सात यात्री घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बस से बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को शीघ्र सामान्य कराया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारु रूप से संचालित करा दिया गया।



पीएम मोदी ने जारी किया नया इंस्टा वीडियो, 7 अगस्त को हैंडलूम डे मनाने की अपील की

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस से पहले अपना नया इंस्टाग्राम वीडियो जारी किया है। वीडियो में उन्होंने देशवासियों से सात अगस्त को पूरे उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हथकरघे से बुने हुए कपड़े खरीदना केवल कपड़ा खरीदना नहीं, बल्कि देश के लाखों बुनकर और गरीब परिवारों की आजीविका को मजबूत करना है। उन्होंने लोगों से हथकरघा उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ाने और सोशल मीडिया के जरिए भी इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सात अगस्त का दिन देश के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि जैसे लोग फ्रेंडशिप डे पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं, उसी तरह राष्ट्रीय हथकरघा दिवस भी मनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि वे हैंडलूम उत्पाद खरीदें, पहनें और सोशल मीडिया पर उसकी फोटो या वीडियो साझा करें। उनका कहना था कि इससे अधिक से अधिक लोग भारतीय हस्तकरघा उत्पादों की ओर आकर्षित होंगे।

'अग्नि-4' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)। मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का 6 अगस्त, 2026 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इस लॉन्च से सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल पैरामीटर्स की पुष्टि हुई। यह परीक्षण स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देखरेख में किया गया।

पश्चिम बंगाल में सांप के डसने से चालक की मौत

सिखेड़ा/जानसठ, 06 अगस्त (बु.)। गांव सिखेड़ा निवासी कासिम (21) पुत्र इस्लाम ट्रक चलाता था। वह मुजफ्फरनगर से ट्रक में माल लादकर कोलकाता के लिए निकला था। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पूर्व पश्चिम बंगाल के रास्ते में जब वह ट्रक से नीचे उतरा, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने से कासिम की हालत बिगड़ने लगी थी। वहां मौजूद लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए। खबर मिलने पर परिवार के लोग भी पश्चिम बंगाल पहुंच गए थे। कासिम की हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसको लेकर मेरठ अस्पताल आ रहे थे। बुधवार को रास्ते में ही कासिम की मौत हो गई।

राममंदिर में राम दरबार के बिना पास दर्शन होंगे

आरती में शामिल होने के लिए तत्काल पास शुरू, ट्रस्ट में बदली व्यवस्था

अयोध्या, 6 अगस्त (एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर में राम दरबार के दर्शन के लिए अब पास नहीं लगेगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार को पास की व्यवस्था खत्म कर दी। यानी अब राम मंदिर जाने वाला भक्त पूरे राम दरबार समेत पूरे मंदिर के दर्शन कर सकेगा।

मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार बना है। यह पिछले साल जून में बनकर तैयार हुआ था। शुरूआत में ट्रस्ट ने राम दरबार के दर्शन के लिए पास की अनिवार्यता इसलिए की थी कि श्रद्धालुओं की भीड़ को कैसे मैनेज किया जाए इसे समझा जा सके। करीब एक साल के ट्रॉयल के बाद ट्रस्ट ने इसे अब खत्म कर दिया। हालांकि, रामलला के दर्शन के लिए सुगम पास की व्यवस्था जारी रहेगी। सुगम

पास को जारी करने की अथॉरिटी ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा के पास थी। चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया था। अब मैनेजमेंट ने 2 से 3 लोगों का ग्रुप बनाया है। यही सुगम पास जारी करेगा। राम मंदिर के पास व्यवस्था प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि रामलला की दिन में 3 बार आरती होती है। इसके लिए तत्काल पास की सुविधा भी शुरू की है। इन तत्काल पास को मंदिर के पास बिड़ला धर्मशाला सामने बनाए गए यात्री सुविधा केंद्र से हासिल किया जा सकेगा। रामलला की आरती के लिए 45 और राम दरबार की आरती के लिए 15 तत्काल पास की लिमिट रखी गई है। रामलला की मंगला आरती सुबह 4 बजे और श्रृंगार आरती सुबह 6 बजे होती है। इन दोनों आरतियों के तत्काल पास एक दिन पहले जारी किए जाएंगे। रात 9 बजे होने वाली शयन आरती के पास उसी दिन बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आरती दर्शन के लिए पहले से ऑनलाइन 100 पास जारी किए जा रहे हैं।

प्रतापगढ़ में परिवार के 6 लोगों की सोते वक्त मौत

मां-बाप, बेटा-बहू, 2 बच्चे, मकान ढहने से कई फीट मलबे में दबा परिवार

प्रतापगढ़, 6 अगस्त (एजेंसी)। प्रतापगढ़ में लगातार बारिश के बीच 100 साल पुराना मकान ढह गया। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में माता-पिता, छोटा बेटा, बहू और उसके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। 7 लोगों के परिवार में अब सिर्फ बड़ा बेटा जिंदा बचा है। बुधवार रात गर्मी और उमस के कारण परिवार के सभी 7 सदस्य अउ वाले कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे, जब सभी गहरी नींद में थे, तभी अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। किसी को संभलने या मदद के लिए चीखने तक का मौका नहीं मिला। छत गिरते ही पूरा परिवार कई फीट ऊंचे मलबे में दब गया। बड़ा बेटा अमन कमरे के किनारे सो रहा था। वह किसी तरह मलबे से बाहर निकल आया और शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, मलबे में दबने और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। हादसे में मकान मालिक प्रमोद श्रीवास्तव (60), उनकी पत्नी रीता (55), छोटा बेटा नितिन (25), बहू माधुरी (23) और माधुरी के दो बेटे माधव (2) व अद्विक (10 माह) की मौत हो गई। बड़ा बेटा अमन (28) हादसे में बच गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मोहल्ले में हुआ।

वृद्धा की इच्छापूर्ति को पलड़े में बैठाकर ला रहे पुत्र, पौत्र व पौत्री, हरिद्वार से एक पलड़े में गंगाजल और दूसरे में मां को बैठाकर कर रहे कांवड़ यात्रा

राहुल शर्मा, मीरापुर

मीरापुर, 6 अगस्त (बु.)। कांवड़ यात्रा में इस बार आस्था, श्रद्धा और प्रेम का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। भगवान शिव की भक्ति के साथ-साथ माता-पिता और दादा-दादी के प्रति समर्पण की मिसालें भी सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक कांवड़ गुरूवार को मीरापुर क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं, जिसमें एक वृद्धा की वर्षों पुरानी हरिद्वार जाने की इच्छा को पूरा करने के लिए उसका पुत्र और छोटे-छोटे पौत्र-पौत्री श्रवण कुमार बन गए। गुरूवार को कुतुबपुर गंगनहर पुल पर लगे कांवड़ सेवा शिविर से गुजर रही इस अनोखी कांवड़ को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेरठ जनपद के मवाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी 70 वर्षीय ओमवती की वर्षों से इच्छा थी कि वह हरिद्वार जाकर मां गंगा में स्नान करें, लेकिन आर्थिक व शारीरिक कारणों से उनका यह सपना कभी पूरा नहीं हो सका। मां की इसी इच्छा को पूरा करने का संकल्प उनके पुत्र अमरपाल ने अपने बच्चों के साथ लिया। अमरपाल अपनी 15 वर्षीय पुत्री साक्षी, 10 वर्षीय पुत्र वैदिक और 6 वर्षीय पुत्र अनिकेत के साथ वृद्ध माँ ओमवती को लेकर हरिद्वार पहुंचे। वहां से ओमवती को गंगा में स्नान कराकर कांवड़ के एक पलड़े में वृद्धा ओमवती को बैठाया, जबकि दूसरे पलड़े में गंगाजल रखा। इसके बाद पूरा परिवार पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। कम उम्र के बच्चों द्वारा अपनी दादी को कांवड़ के रूप में कंधों पर बैठाकर यात्रा कराने का दृश्य जहां भी पहुंचा, लोगों की आंखें भावुक हो गईं। श्रद्धालुओं ने इसे आधुनिक दौर में श्रवण कुमार की मिसाल बताते हुए परिवार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। गुरुवार को मीरापुर क्षेत्र में पहुंची यह अनोखी कांवड़ पूरे दिन

आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रद्धालुओं ने परिवार का उत्साहवर्धन किया और भगवान भोलेनाथ से उनके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। वहीं वृद्धा ओमवती ने भी भगवान शंकर से अगले जन्म में इन्हें ही पुत्र व पोत्र-पौत्री के रूप में भेजने की मनोति मांगी।

मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट बैन : केजरीवाल

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसी)। अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट देश में बैन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेटा से कई बार पूछने पर भी कोई जवाब नहीं आया। केजरीवाल ने अपने अकाउंट स्टेटस पेज का एक स्क्रीनशॉट भी

मेटा से जवाब मांगा; कहा- कंपनी सरकार के सामने घुटने न टेके

शेयर किया है। इसमें 'अनअवेलेबल इन सम लोकेशन्स' (कुछ स्थानों पर उपलब्ध नहीं) का मैसेज दिखाई दे रहा है। केजरीवाल ने आरोप लगाया- सरकार मेटा पर दवाब डाल रही है कि जो भी व्यक्ति एथेनॉल या पेपर लीक के खिलाफ बोल रहा है, उसके अकाउंट को प्रतिबंधित किया जाए। मेटा इस तरह की बदमाशी न करे और मोदी जी के सामने घुटने न टेके। केजरीवाल ने पर लिखा कि मेटा के भारत स्थित ऑफिस में पूछने पर पता चला कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट प्रतिबंधित है और भारत में उपलब्ध नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि उनके पास कई लोगों के मैसेज आए कि उनका अकाउंट भी प्रतिबंधित किया गया। उन्होंने उन लोगों से भी संपर्क करने की अपील की है। केजरीवाल ने मेटा की ओर से स्पष्टता न होने और कोई जवाब न मिलने को खराब सर्विस बताया है। इस मामले पर मेटा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इंस्टाग्राम के अकाउंट स्टेटस में 'अनअवेलेबल इन सम लोकेशन्स' का मतलब होता है कि आपका कुछ कंटेंट (पोस्ट, रील, स्टोरी या अकाउंट) कुछ देशों या क्षेत्रों में दिखाई नहीं देगा, जबकि बाकी जगहों पर सामान्य रूप से दिखाई देगा। इसका मतलब यह नहीं है कि आपका अकाउंट सस्पेंड होने वाला है। सिर्फ उस कंटेंट की पहुंच कुछ स्थानों तक सीमित हो सकती है।